केवल नकल की फीस के लिये

आवश्यक स्टाम्प सहित प्रार्थना पत्र देने की तारीख	नोटिस बोर्ड पर नकल तैयार होने की सूचना की तारीख	नकल वापिस दिये जाने की तारीख	नकल वापिस देने वाले अधिकारी का हस्ताक्षर
438 / 18.01.19	18.01.19	18.01.19	[illegible]

न्यायालय–उपजिलाधिकारी जमानियाँ, गाजीपुर ।
वाद सं० – 125
मौजा – बरूइन

धारा – 143 ज०वि०अधि०, परगना व तहसील जमानियाँ

राजकिशोर सिंह महाविद्यालय व अन्य बनाम ग्राम पंचायत

प्रस्तुत वाद राजकिशोर सिंह महाविद्यालय बरुइन जमानियाँ, गाजीपुर द्वारा प्रबन्धक उपेन्द्र सिंह पुत्र स्व० राजकिशोर सिंह निवासी बरुइन पर० तह० जमानियाँ द्वारा याजित किया गया है। प्रतिवादी ग्राम पंचायत बरूइन जरिये ग्राम प्रधान बरूइन परगना व तहसील जमानियाँ को बनाया गया है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि आराजी प्रार्थी की भूमिधरी है। अब किसी प्रकार कोई कृषि कार्य नही होता है। उक्त भूमि पर राजकिशोर सिंह महाविद्यालय कायम हो चुका है तथा सुचारु रुप से आबाद है। अन्त में कहा गया है कि मौजा बरूइन के गाटा सं० –997/1.803 हे० में से 0.601 हे० व अराजी संख्या 1013 रकबा 0.796 हे० मे से 0.398 हे० को आबादी घोषित किया जाय।

नियमानुसार जाँच हेतु तहसीलदार जमानियां के यहाँ भेजी गई। नायब तहसीलदार जमानियाँ की आख्या दिनांक 20.12.2018 प्रस्तुत की गई। उक्त आख्या में कहा गया है कि आवेदक आ०सं० 997 क्षेत्रफल 0.601 हे० व आ०सं० 1013 क्षेत्रफल 0.398 हे० में स्थित ग्राम बरूइन में राजकिशोर सिंह महाविद्यालय के कमरे बने है। जिसमें कुकुटपालन, मतस्यपालन एवं कृषि कार्य नही होता है। अकृषिक घोषित करने की संस्तुति की गई है।

मैने पत्रावली पर उपलब्ध नायब तहसीलदार जमानियाँ की आख्या दिनांक 20.12.2018 का अवलोकन किया तथा पत्रावली के साथ संलग्न साक्ष्यो का अवलोकन किया। अवलोकन से प्रकट होता है कि आराजी मेजाई पर कृषि कार्य नही होता है गैरकृषिक प्रयोजन में लाया जाता है।

अतः नायब तहसीलदार जमानियाँ की आख्या दिनांक 20.12.2018 के आधार पर मौजा बरूइन के आ०नं० 997/0.601 हे० व अ०नं० 1013/0.398 हे० पर राजकिशोर सिंह महाविद्यालय होने के कारण उक्त आराजी में कृषि कार्य नही होता है अकृषिक घोषित किया जाता है। तदनुसार परवाना अमलदरामद जारी हो। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली दाखिल दफ्तर होवे।

नकलकर्ता– A
मिलानकर्ता– L
प्र०सं० – 175

सत्यप्रतिलिपि
18/01/19
पेशकार
उपजिलाधिकारी जमानियाँ
गाजीपुर

उप जिला मजिस्ट्रेट / उप जिलाधिकारी, जमानियाँ – गाजीपुर

11/1/2019
विजय कुमार गुप्ता
उपजिलाधिकारी जमानियां
गाजीपुर।

Scanned with OKEN Scanner